माँ की कृपा पर ए बन्दे सब छोड़ दे

माँ की कृपा पर ए बन्दे सब छोड़ दे,
सांस सांस माँ के चरणों से जोड़ दे,
मोहमाया के सारे बन्धन तोड़ दे,
सांस सांस माँ के चरणों से जोड़ दे,
माँ की कृपा पर ए बन्दे......

कैसी भी मुश्किल हो समय कट जायेगा,
लेकिन तेरा कुछ भी बिगड़ ना पायेगा,
लेकिन तेरा कुछ भी बिगड़ ना पायेगा,
हर चिंता तू मैया पर ही छोड़ दे,
सांस सांस माँ के चरणों से जोड़ दे,
माँ की कृपा पर ए बन्दे....

रोम रोम में नाम बसा ले मैया का,
कष्ट मिटे जब मिले सहारा मैया का,
कष्ट मिटे जब मिले सहारा मैया का,
जीवन अपना माँ के दर पर मोड़ दे,
सांस सांस माँ के चरणों से जोड़ दे,
माँ की कृपा पर ए बन्दे....

ना कुछ तेरा ना कुछ मेरा दुनिया में,
कैसा कैसा फेर है देखा दुनिया मे,
कैसा कैसा फेर है देखा दुनिया मे,
बस इक माँ का नाम है बाकी सब छोड़ दे,
सांस सांस माँ के चरणों से जोड़ दे,
माँ की कृपा पर ए बन्दे......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29537/title/maa-ki-kripa-par-eh-bande-sab-chorh-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |